# उत्तर प्रदेश बी0एड0

## संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023

## आवेदन निर्देश पुस्तिका

**आयोजकः–**

**बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ0प्र0)**

# उत्तर प्रदेश बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023

## आयोजकः– बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ0प्र0)

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षिक अर्हता | 1 |
| 2 | महत्वपूर्ण तिथियाँ | 2 |
| 3 | महत्वपूर्ण निर्देश | 3 |
| 4 | ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया | 4-5 |
| 5 | ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देश | 6-9 |
| 6 | आरक्षण | 10 |
| 7 | प्रवेश–पत्र सम्बन्धी निर्देश | 11 |
| 8 | प्रवेश परीक्षा का प्रारूप | 12 |
| 9 | परिशिष्ट–1 भारांकों से सम्बन्धित प्राविधान | 13-14 |
| 10 | परिशिष्ट–2 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023–25 से सम्बन्धित विश्वविद्यालय | 15 |
| 11 | परिशिष्ट–3 प्रवेश परीक्षा केन्द्र हेतु शहर का विकल्प | 16 |
| 12 | सम्पर्क सूत्र | 17 |
| 13 | प्रमाण–पत्रों के प्रारूप | 18-27 |

# उत्तर प्रदेश बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2023

## आयोजकः– बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ0प्र0)

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# शैक्षिक अर्हता

**बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने हेतु अर्हता निम्नवत् है–**

1. विज्ञान/समाजिक–विज्ञान/मानविकी वर्ग' में सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के साथ विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। बी0ई0 एवं बी0टेक0 (अभियांत्रिकी) में गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता वाले छात्रों के लिए न्यूनतम 55% (पचपन प्रतिशत) अंको के साथ अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण अथवा गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ बी0ई0 एवं बी0टेक0 में स्नातक उपाधि अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्याथी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।
3. दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में स्नातक स्तर पर 05% (पांच प्रतिशत) की छूट दी जायेगी।
4. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी या उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षा शास्त्री (बी0एड0) में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु शैक्षिक अर्हता का विवरण निम्नवत् है–

   न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों सहित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की त्रिवर्षीय शास्त्री परीक्षा, या द्विवर्षीय शास्त्री परीक्षा सत्र–1990 तक या विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य विश्वविद्यालय की शास्त्री अथवा त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा तीनों वर्षो में संस्कृत सहित अथवा द्विवर्षीय शास्त्री या संस्कृत वैकल्पिक विषय सहित द्विवर्षीय स्नातक परीक्षा सत्र–1985 तक। तीनों वर्षो में संस्कृत से अभिप्राय संस्कृत को मुख्य/कोर विषय के रूप में अध्ययन किया गया हो।

**महत्वपूर्ण नोटः–**

1. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष 2023 में अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यनतम अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा।